आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 24.01.2026   समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी dy सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा ।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कल राष्ट्र को करेंगी संबोधित ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में नए वृद्धाश्रम "संध्या–छाया" का किया लोकार्पण ।
- प्रदेश में आज राष्ट्रीय बालिका दिवस उत्साह के साथ मनाया गया।

प्रधानमंत्री मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी dy सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क] एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार] दूरदर्शन समाचार और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी यह कार्यक्रम सीधा प्रसारित होगा। आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण होगा।

राष्ट्रपति संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम 7 बजे से आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित होगा और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित किया जाएगा, जिसके बाद इसका अंग्रेजी संस्करण भी प्रसारित होगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय चैनलों पर रात साढ़े 9 बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में संबोधन प्रसारित करेगा। वहीं दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण होगा।

समाचार–समय

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कल राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्र के नाम संदेश प्रसारण के कारण आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रसारित होने वाले सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार शाम 7 बजकर 10 मिनट के स्थान पर शाम 6 बजकर 50 मिनट पर प्रसारित होंगे।

पीएम – रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार भारत और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है। आज नई दिल्ली में 18वें राष्ट्रीय रोजगार मेले को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने भारत की सशक्त अर्थव्यवस्था पर बल देते हुए कहा कि यह दुनिया की एकमात्र अर्थव्यवस्था है, जिसने एक दशक में अपनी जीडीपी को दोगुना कर लिया है। उन्होंने कहा कि आज एक सौ से ज़्यादा देश, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश–एफडीआई के माध्यम से भारत में निवेश कर रहे हैं।

"संध्या–छाया"– मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में नए वृद्धाश्रम "संध्या–छाया" का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज लोकार्पित किए गए "संध्या छाया" में वृद्धजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सर्वाधिक तेज गति से प्रगति करने वाले तीन राज्यों में मध्यप्रदेश शामिल है। देश–विदेश के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं निवेशक व्यापार–व्यवसाय के लिए मध्यप्रदेश से जुड़ने के लिए उत्सुक हैं ।

गणतंत्र दिवस

प्रदेश में 77वां गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह भोपाल के लाल परेड मैदान में राज्यपाल मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में सुबह 9 बजे आयोजित होगा। गणतंत्र दिवस समारोह में निकलने वाली संयुक्त परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम अभ्यास आज लाल परेड मैदान पर किया गया। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने परेड और समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस

प्रदेश में आज राष्ट्रीय बालिका दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा, सुरक्षा, अधिकार और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन किये गये। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने पहली बार वर्ष 2008 में इस दिन की शुरुआत की थी।

प्रगति

सक्रिय सुशासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल- प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस मंच की शुरूआत की थी। इस विशेष श्रृंखला में, आज छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के रायपुर-कोडेबोड खंड को चार लेन का बनाये जाने पर पेश है हमारे संवाददाता की रिपोर्ट –

निर्वाचन आयोग – मतदाता दिवस

निर्वाचन आयोग कल नई दिल्ली में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की अध्यक्षता करेंगी। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस का विषय है मेरा भारत, मेरा वोट जिसका नारा है 'भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक'। समारोह के दौरान, राष्ट्रपति नव पंजीकृत युवा मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र प्रदान करेंगी।

पंचायती राज – विशेष अतिथि

पंचायती राज मंत्रालय कल नई दिल्ली में निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करेगा। इन प्रतिनिधियों को गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। सम्मानित होने वालों में लगभग 240 सरपंच, मुखिया, ग्राम प्रधान, खंड और जिला पंचायत अध्यक्ष शामिल हैं, जो केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में पूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाली पंचायतों से जुड़े हैं।

मौसम

उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर अब मध्य प्रदेश तक पहुंच रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि 26 जनवरी से उत्तर–पश्चिम भारत को एक और पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित कर सकता है। इसके प्रभाव से प्रदेश में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है। अगले दो दिन तक प्रदेश में तेज ठंड नहीं पड़ेगी, लेकिन सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना बनी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

- देवास जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा "जल सुरक्षा अभियान" चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत देवास जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की टंकी और संपवेल की साफ-सफाई की जा रही है।
- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ग्वालियर व्यापार मेला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर की प्रदर्शनी "जन- जागृति मेला प्रदर्शनी 2026" लगाई गई है।

- 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के मौके पर इंदौर  esa पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आज एक साइकिल रैली और हेरिटेज वाक का आयोजन किया गया।